श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): अध्यक्ष जी, मैं देश में बढ़ती हुई जनसंख्या की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। कोरोना के संकट के समय भी हम जनसंख्या के प्रकोप को झेल रहे हैं। बेरोजगारी की समस्या भी बढ़ती जनसंख्या के कारण पैदा हो रही है और देश में अराजकता के विस्फोट के मूल में भी बढ़ती जनसंख्या एक मुख्य कारण है। मैं आपके माध्यम से देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जिस प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में धारा-370 खत्म करने का हमने काम किया है, जिस प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में 35-ए खत्म करने का काम किया है, जिस प्रधान मंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार ने राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है, जिस प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमने तीन तलाक का कानून बनाने का काम किया हो, जिस सरकार ने देश के किसानों के हित में बड़ा कानून बनाया हो, उस सरकार से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस सदी का सबसे बड़ा कानून जनसंख्या पर नियंत्रण का कानून बनाने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष : श्री देवजी एम. पटेल, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, श्री जगदम्बिका पाल और डॉ. सुजय विखे पाटील को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं और हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का और एनडीए सरकार का भी धन्यवाद करता हूं। मैं अपने क्षेत्र गुजरात, अमरेली का विषय कई सालों से शून्य काल में उठा चुका हूं। सदन में एचआरडी मिनिस्टर पोखरियाल जी भी बैठे हैं। वे भी मेरे क्षेत्र गुजरात में आ चुके हैं। मैं अपने क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के लिए कई बार प्रश्न उठा चुका हूं, लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हुआ है। मैं डिस्ट्रिक्ट से स्टेट और स्टेट से सैंटर तक इस विषय को उठा चुका हूं। मुझे मेरे पत्र के माध्यम से जानकारी मिली है कि चैलेंज मैथड कमेटी की सहमति न मिलने से केंद्रीय विद्यालय को मंजूरी नहीं मिली है। मेरा क्षेत्र कृषि क्षेत्र है और साढ़े आठ सौ से ज्यादा गांव हैं। मंत्री जी वर्ष 2017 में मेरे क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जल्द से जल्द मेरे क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी मिले।

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): Thank you, hon. Speaker, Sir, for giving me the opportunity. I, on behalf of my party, would also

like to thank you for taking good care of each and every one of us and also for running of the House smoothly.

Sir, three people from Seethanagaram Village, Naupada, Santhabommali Mandal in my constituency went to Libya to work as welders in Al Shola Al Modea company during October 2019. On expiry of their work visa, they booked their return tickets to India on 13th September, 2020. They started from Benghazi to Tripoli airport in Libya by road. Later, they were found missing and have not come into contact with their family members. It has been 10 days till now. The family members have been worrying for their safety and whereabouts.

The names of these people are Boddu Danayya, Batchala Venkata Rao and Batchala Joga Rao. Keeping in view the agony of their families, I request the hon. Minister of External Affairs to kindly initiate the necessary efforts through our Indian Embassy in Libya to trace out the above missing persons and ensure their safe return to India. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री राम मोहन नायडू किंजरापु द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(1915/RAJ/SAN)

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान एक बड़े गंभीर विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। पूरे देश में किसानों की समस्याओं का धीरे-धीरे समाधान हो रहा है, माननीय मोदी जी ने उनकी समस्याओं का समाधान किया है। लोक सभा का यह ऐतिहासिक पल और ऐतिहासिक क्षण चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता गांवों में रहती है और वे लोग जरूरी काम से शहर में आते हैं। वे चाहे अस्पताल में इलाज के लिए आएं, दीवानी, कलेक्ट्री, कचहरी या राजनैतिक लोगों से मिलने के लिए शहरों में आते हैं, तो उनको वहां ठहरने में बहुत दिक्कत आती है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि देश के सभी जिला मुख्यालयों पर एक किसान भवन का निर्माण कराया जाए, जिससे गांवों से आने वाली जनता को शहरों में रुकने की व्यवस्था हो, जहां वे सस्ते में खा सकें एवं रह सकें। ऐसी व्यवस्था सरकार की ओर से पूरे जिला मुख्यालयों में की जाए। यह मेरा आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्रीमती रेखा अरुण वर्मा को श्री राजकुमार चाहर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री गोपाल शेट्टी – उपस्थित नहीं।

श्री सतीश कुमार गौतम जी।

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ यूनिवर्सिटी मेरे लोक सभा क्षेत्र में है। वह केन्द्र के द्वारा संचालित होती है, वह केन्द्र के पैसे से चलती है। बीएचयू में एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण मिलता है, लेकिन अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में इनको कोई आरक्षण नहीं मिलता है। केवल कांग्रेस की एक गलती की वजह से आज हमारे बच्चे, एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चे वहां की शिक्षा से वंचित हैं।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर केन्द्र सरकार की तरफ से कोई न कोई कमेटी गठित की जाए। आने वाले वर्ष 2021 में वहां केवल एक समुदाय के डॉक्टर्स रहेंगे, दूसरे समुदाय का कोई डॉक्टर भी नहीं रहेगा। वर्ष 2021 में उनका रिटायरमेंट हो जाएगा। वह केवल एक समुदाय की यूनिवर्सिटी रह गई है। वह केन्द्र के पैसे से चलती है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वहां एससी, एसटी और ओबीसी के गरीब बच्चें को पर शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा दी जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री जगदम्बिका पाल को श्री सतीश कुमार गौतम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Hon. Speaker, Sir, I extend my heartfelt thanks to you for looking after us not only during this Session, but also for last six months, you have personally contacted many of us and have been taking care of us.

I will be drawing the attention of this House, through you, to the issue relating to the wage rate of unskilled labour under MGNREGS which has been increased from ₹ 196 to ₹ 207. I thank the Prime Minister and the Government for it, but the minimum wage rate in Odisha as per the State Government notification is ₹ 303.40, because of the intervention of our Chief Minister Shri Naveen Patnaik, from 1st April, 2020. The lower wage rate under MGNREGS is rendering work under MGNREGS less attractive.

What has happened in-between during last six months of COVID-19 is that MGNREGS has come as a boon. In many districts, within September, the mandays have already reached 75 to 80 days. As 100 days is the maximum one job-cardholder can work for in a year, there is a need to increase it to at least 200 days as there are six more months in this financial year. Also, there should be enhancement of the wage rate to be commensurate with the minimum unskilled wage rate notified by the State Government of Odisha.

Thank you.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर): माननीय अध्यक्ष जी, भारत के 11 राज्यों, पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में चौरसिया समाज के 20 लाख लोग निरंतर पान के पत्ते की खेती के कार्य में लगे हुए हैं और हर वर्ष छ: लाख टन इसका उत्पादन करते हैं, जो 29 देशों में निर्यात किया जाता है। वर्तमान समय में पान की खेती बागवानी के अंतर्गत आती है और कृषि का दर्जा प्राप्त नहीं होने के कारण, इसे बीमा, सब्सिडी, सस्ती बिजली और बैंक से कम ब्याज पर ऋण, सरकारी मूल्य पर कीटनाशक दवाएं और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसी भी प्रकार के मुआवजे का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लंबे समय से देश को चौरसिया समाज, जो कई राज्यों में निवास करता है, इसकी मांग कर रहा है कि पान की खेती को कृषि का दर्जा प्रदान किया जाए।

इसलिए आपके माध्यम से मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह है कि इस दिशा में कदम उठाएं और पान की खेती को बागवानी के दायरे से निकाल कर कृषि का दर्जा देने का प्रयास करें।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. मनोज राजोरिया को श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(1920/VB/RBN)

श्री धर्मेन्द्र कश्यप (आंवला): माननीय अध्यक्ष महोदय, जनपद बरेली, शाहजहाँपुर और सीतापुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 बहुत ही जर्जर स्थिति में है। इस पर लम्बे समय से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

मेरा आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24, जो बरेली, शाहजहाँपुर और सीतापुर से होकर लखनऊ और दिल्ली को जोड़ती है, का जल्द-से-जल्द कार्य कराने का कष्ट करें।

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Recently, Gurdwara Harmandir Sahib was granted the FCRA registration allowing it to receive foreign donations. This is a commendable step by the Central Government.

The Government should also grant FCRA permission to the Tirumala Tirupati Devasthanam. The Temple is deeply ingrained in Hindu culture. Lord Venkateswara has been worshipped for centuries. The temple receives anywhere between 60,000 and 1,00,000 devotees every day.

TTD's multiple Trusts perform social welfare activities, like providing daily free meals to 70,000 people. It also provides medical services like consultations, and even free surgeries through the BIRRD Trust and the Sri Venkateswara Institute of Medical Sciences.

TTD's Trusts are running schools and colleges across the country where lakhs of students are getting high quality education. The Temple Trust also acts as a guardian of our rich

history by preserving and restoring ancient temples. These social activities are costing them around Rs. 3,300 crore.

Devotees of Lord Venkateswara who are living abroad are willing to offer their services to the Temple through donations. However, their hands are tied because there is no FCRA registration for the Temple.

Hence, I request the Government, through you, to take note of this request and grant FCRA registration to the TTD Trust. Thank you very much.

डॉ. महेश शर्मा (गौतम बुद्ध नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि नोएडा-गौतमबुद्ध नगर आज पूरे विश्व पटल पर है। यहाँ जेवर एयरपोर्ट है और अब फिल्म सिटी भी है। दिल्ली के पास होने के कारण यहाँ की जनसंख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। नोएडा में केन्द्रीय विद्यालय आज से 20 वर्ष पहले एक था, वह आज भी एक ही है।

मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से अपील करना चाहूंगा कि वहाँ केन्द्रीय विद्यालय की संख्या में बढ़ोतरी की जरूरत है। इस मांग को शीघ्र-से-शीघ्र पूरा कराया जाए।

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): मैं आपके माध्यम से एक लोक हित की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

ग्वालियर में चम्बल नदी का पानी लाने की योजना काफी दिनों से चल रही है। लेकिन वाइल्ड लाइफ और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की ओर से एनओसी न मिलने के कारण काम रुका हुआ है। मैं सरकार से निवेदन करूँगा कि इस काम में जल्दी की जाए।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 165 नल-जल की योजनाएं हैं, जो मेनटेनेंस के अभाव में बंद पड़ी हैं। उनको भी शीघ्रातिशीघ्र चालू करने का आदेश यहाँ से प्रदान करें। आप वहां की सरकार से कहें कि यह जल्दी किया जाए ताकि आने वाले समय में ग्वालियर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल की समस्याओं का समाधान समय रहते हो सके।

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में मोरवाड़ तहसील है। भारतीय रेल के जनक नाना शंकर सेठ का गांव मोरवाड़ है। लगभग 50 सालों से मोरवाड़ के लोग वहां रेल के आने का इंतजार कर रहे हैं।

मैं प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री श्री पीयूष जी को धन्यवाद दूंगा और तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस जी को भी धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने मोरवाड़ के लिए रेल सैंक्शन कराई। अभी उसका अंतिम डीपीआर तैयार होकर नीति आयोग के पास जाने वाला है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती करूँगा कि 50 सालों से इंतजार में बैठे हुए लोगों का इंतजार खत्म करने के लिए मोरवाड़ की रेल का काम जल्द-से-जल्द शुरू करने के लिए सहयोग दें और हमारा सपना पूरा करें। मैं रेल मंत्री जी से यह विनती करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष: श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(1925/PC/SM)

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा): अध्यक्ष जी, आपने आज मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपने आज ही समय मांगा है, पहले मांगा भी नहीं है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं तो सबको, रात तक बोलने के लिए समय देता हूं।

…(व्यवधान)

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा): अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

मेरी लगातार सात साल से एक ही डिमांड है। एटा और कासगंज – ये दोनों जिले आपस में लगते हैं। आज तक वहां रेलवे लाइन का विस्तार नहीं हो पाया है। बार-बार वह रेलवे लाइन सर्वे में तो आ जाती है, लेकिन वहीं की वहीं रुक जाती है। जो रेलवे के अधिकारी हैं, वे केवल 28 किलोमीटर का नफ़ा-नुकसान दिखाते हैं। मैं उन अधिकारियों से और माननीय रेल मंत्री जी से कई बार मिल चुका हूं और उनसे कहा है कि वे कासगंज से लेकर काठगोदम तक और ऐटा से लेकर लखनऊ तक ट्रेन चलाने के लिए इस रेलवे लाइन का सर्वे कराइए।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: संसदीय कार्य मंत्री जी क्या कहते हैं, यह उनसे पूछ लेते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: पहले माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी बोलेंगे। आप उनसे आग्रह करो, वे समय दे देंगे।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): हमारे संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी इस अवसर पर कुछ बोलना चाहेंगे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वे कहेंगे तो और लोगों को बोलने की इजाज़त दे देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रहलाद जोशी जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे दो मिनट दिए हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: नहीं, मैंने आपका समय तय नहीं किया है।

…(व्यवधान)

कोविड-19 के दौरान की गई विशेष व्यवस्था के लिए माननीय अध्यक्ष को बधाई।

श्री प्रहलाद जोशी: धन्यवाद, सर।

सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसलिए मैं बहुत प्रसन्न भी हूं और आपको धन्यवाद भी करता हूं। इस विशिष्ट और विषम परिस्थिति में आपने और चेयरमैन, राज्य सभा – दोनों ने बातचीत कर के, सहमति से, जो एक विशिष्ट व्यवस्था की और तीन-चार जगहों पर मेंबर्स को बैठना पड़ा, यह पूरी व्यवस्था बहुत सुचारू रूप से, बहुत सोच-समझकर आपने की है। …(व्यवधान) मैं आपको इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देता हूं।

हमारी संख्या बहुत बड़ी है। Our number is quite big and the hon. Chairman, Rajya Sabha has also guided और उन्होंने भी इस व्यवस्था में बहुत अच्छे ढंग से भाग लिया है। मैं उनको भी धन्यवाद देता हूं। इस संदर्भ में, बहुत सुचारू रूप से, पॉलिटिकली टेंस सिचुएशन में आपने सभी पार्टियों को विश्वास में लेकर सदन को बहुत अच्छे ढंग से चलाया है। इसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद समर्पित करता हूं। …(व्यवधान)

मैं अपना स्वयं का अनुभव भी बताता हूं। यहां जो पहली बार के मेंबर्स हैं, उनके लिए मैं यह बताना चाहता हूं। जब मैं पहली बार एमपी बना था, तब पूरे सत्र में एक भी ज़ीरो ऑवर मिलता था तो बहुत बड़ी बात होती थी। अगर हमको एक भी ज़ीरो ऑवर मिलता था तो it was be one of the biggest things, लेकिन आप ज़ीरो ऑवर के 'हीरो' बन गए, मैं ऐसा मानता हूं। …(व्यवधान)

आप सभी को बोलने के लिए मौका देते हैं, सभी आपसे बहुत प्रसन्न हैं। इसीलिए, मैं आपको सभी मेंबर्स की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद अर्पित करता हूं। …(व्यवधान) इसी संदर्भ में मैं अपने सभी साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि आपने जो भी प्रोटोकॉल तैयार किए थे, जो प्रोटोकॉल आपने जारी किए थे, उस प्रोटोकॉल को लेटर-एंड-स्पिरिट से सबने अपनाया है और उसका पालन भी किया है। …(व्यवधान)

मैं सभी एमपीज़ को बहुत-बहुत धन्यवाद समर्पित करता हूं। भगवान की दया भी है कि दस दिन, जब हम दोनों सदन चलाते हैं, तब तीन-चार हज़ार से ज्यादा लोग व्यवस्था और सब चीज़ों के लिए इस प्रिमाइसिस में रहते हैं। इतने सारे लोगों के रहते हुए भी आपकी विशेषता और चेयरमैन साहब की विशेष सतर्कता-प्रिकॉशन के कारण हमें ज्यादा समस्या नहीं हुई। …(व्यवधान) इसके लिए आपका प्रयत्न भी एक कारण है और भगवान का आशीर्वाद भी हमारे ऊपर है, मैं ऐसा मानता हूं। …(व्यवधान)

इस विशिष्ट और विषम परिस्थिति में बहुत सुचारू रूप से, आपने जिस तरह यह सदन चलाया है, पूरे सदन की ओर से और अपोज़ीशन पार्टी के जो मेंबर्स यहां नहीं है, मैं उनको भी धन्यवाद देता हूं और उनकी तरफ से भी आपको बहुत-बहुत धन्यवाद समर्पित करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(1930/SPS/AK)

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1930 बजे

माननीय अध्यक्ष: जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे माननीय सदस्य मामले का पाठ व्यक्तिगत रुप से सभा पटल पर रख सकते हैं।

Re : Nationalized banks subscribers facing problems in Covid-19 pandemic.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा खास कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आम आदमी को बैंक के कामकाज करने के लिए भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, बैंक में स्टाफ कम होने से जो स्टाफ डयूटी निभा रहे हैं, उन्हें भी बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कोविड जैसे परिस्थिति में बहुत कम लोग घर से बैंक के काम के लिए निकल रहे है। इस स्थिति में हाल ही में एसबीआई ने ज्यादातर बैंक अकाउंट को एक बार फिर से केवाईसी अपडेशन/जॉच के लिए ब्लॉक कर दिये, अकाउंट होल्डर जिनके एकाउंट ब्लाक किए हैं, परेशान हो कर कोविड जैसे परिस्थिति में बैंक में डाक्यूमेंट्स लेकर चक्कर लगाने पर मजबूर हो गए हैं। मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से एवं वित्त मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि देश में कोविड से पहले ही लोग परेशान थे/हैं। ऐसे माहौल में के.वाई.सी. अपडेशन के लिए अकाउंट ब्लाक करना उचित नहीं, जिससे बैंक आने वाले तथा बैंक कर्मचारी दोनों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा इस स्थिति में हो सकता है बहुत लोग बीमार हुए होंगे। इसलिए बैंक व्यवस्थापन को देश की इन परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सोच समझ कर काम करना है, यह समझाने की आवश्कता है और इसकी जांच होनी चाहिए यह निवेदन सरकार से करती हूँ।

(इति)

RE: Need to include the sacred Shrimad Bhagvad Gita in school and college curriculum and also include in the Oaths Act, 1969.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): हिन्दू शास्त्रों में श्रीमदभागवद गीता का सर्वप्रथम स्थान है तथा यह भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। लोकप्रियता में इससे बढ़कर कोई दूसरा ग्रंथ नहीं है तथा विश्व में इसकी लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। गीता में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से धार्मिक सहिष्णुता की भावना को प्रस्तुत किया गया है, जो भारतीय संस्कृति की एक विशेषता है। वस्तुत: इस ग्रंथ में सम्पूर्ण वेदों का सार निहित है। गीता की महत्ता को शब्दों में वर्णन करना असंभव है। यह स्वयं भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से निकली है।

मनुष्य को अपने जीवन को सफल बनाने, हरेक तनाव से दूर रहने हेतु श्रीमदभागवद गीता को हृदय में धारण करना आवश्यक है। यह जीवन को सफल बनाने का एक कल्याणकारी मार्ग है। भारत हि नहीं विदेशों में भी गीता का बहुत प्रचार है। संसार की शायद ही ऐसी कोई सभ्य भाषा हो, जिसमें गीता का अनुवाद न हुआ हो।

उत्कृष्ट भावना का परिचायक होने के कारण गीता का सभी ग्रन्थों में सर्वोपरि स्थान है तथा इस पवित्र ग्रंथ के उपदेशों को सभी ने स्वीकार किया है। इसलिए यह किसी संप्रदाय विशेष का ग्रंथ नहीं है। पाश्चात्य विद्वान हंबाल्ट ने गीता से प्रभावित होकर कहा है कि "किसी ज्ञात भाषा में उपलब्ध ग्रन्थों में संभवत: सबसे अधिक सुंदर और दार्शनिक गीता विश्व की परम निधि है।"

अत: चूंकि, श्रीमदभागवद गीता में सभी धर्मों के ग्रन्थों का समावेश है और इसमें ईश्वर की वाणी निहित है, तथा यह ईश्वर का एक स्वरूप है। इशलिए, मेरा अनुरोध है कि विश्व प्रसिद्ध इस पवित्र ग्रंथ को देश के सभी विधालयों, कालिजों और तकनीकी/चिकित्सा संस्थानों के पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने के साथ-साथ शपथ अधिनियम-1969 की "धारा-6 शपथ और प्रतिज्ञान के प्रारूप में "ईश्वर की शपथ लेता हूँ" के स्थान पर "श्रीमदभागवद गीता की शपथ लेता हूँ" अंत: स्थापित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।

(इति)

RE: Alleged irregularities committed by CMO, Badaun in Uttar Pradesh.

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं): अध्यक्ष महोदय जहां पूरा देश कोरोना जैसी महामारी से लड़ने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं हमारे लोकसभा बदायूं के सीएमओ द्वारा हो रही अनियमितता लगातार प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उजागर होती रही है। चाहे वहां सैनिटाइजर मशीन को 3 महीने तक ताले में बंद करने की बात हो, राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करई गई सिटीजन किट का प्रयोग ना करना रहा हो या जिले में जिस समय प्रवासी मजदूर लाये जा रहे थे, उस वक्त छह-सात दिनों तक कोरोना की जांच ना होने का मुद्दा रहा हो, इतना ही नहीं महोदय हमारे सीएमओ बदायूं कोरोना जांच में पॉजिटिव पाए जाते हैं और होम क्वारेंटाइन होते हैं उसी दौरान बदायूं से मेरठ आते हैं वहां जांच में पॉजिटिव पाए जाते हैं। एक डॉक्टर होकर इतना गैर जिम्मेदाराना कार्य करने को जांच हेतु अनुरोध करती हूं।

(इति)

RE: Need to stop levy of toll tax on Etawah-Chakeri Toll Plaza in Kanpur district, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले' (अकबरपुर): आपके माध्यम से मैं सदन और सरकार का ध्यान जनपद कानपुर देहात में स्थित बारा टोल प्लाजा द्वारा की जा रही नियम विरूद्ध टोल वसूली के संबंध में आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

महोदय, लोक सभा क्षेत्र अकबरपुर के जनपद कानपुर देहात के बारा में इटावा चकेरी टोल प्लाजा स्थित है वर्ष 2013 से स्थापित उक्त टोल प्लाजा जो कि गलत स्थान के चयन के बावजूद संचालित है तथा ठेकेदार के द्वारा अनुबंध के अनुसार कराये जाने वाले कार्यों को आज तक पूर्ण नहीं कराया गया है। जनपद कानपुर देहात में आहूत होने वाली निगरानी समिति का अध्यक्ष होने के नाते मुझे बैठकों पर अपूर्ण कार्यों के संबंध में कई बार शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। इसके पूर्व में भी वर्ष 2013 से लेकर अब तक मेरे एवं पार्टीजनों के साथ मिलकर उक्त टोल प्लाजा के संबंध में कई बार शासन एवं सरकार को अवगत कराया जा चुका है। कार्यवाही न होने के कारण आम जन मानस में रोष व्याप्त रहता है जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की दिनांक 22.02.2020 की बैठक में उक्त मामले को जन प्रतिनिधियों एवं पार्टीजनों के द्वारा उठाया गया था। टोल टैक्स राष्ट्रीय राजमार्ग फीस नियम 2008 के तहत निर्धारित है किन्तु टोल टैक्स तभी पूर्ण रूप से लिया जाना उचित होता है। उक्त संबंध में अवगत हो कि इटावा-चकेरी हाईवे परियोजना पर अभी तक अनेकानेक कार्य अधूरे पड़े हैं जिसमें की लगभग 75 माइनर जंक्शन, 10 मेजर जंक्शन, 350 साइन बोर्ड, पेवमेंट मार्किंग, मेटल बीम क्रेस बैरियर, वायर रूप क्रेस बेरियर 4 किमी गार्ड रेल, हाई मास्क लाइटिंग, 30 बस बेस, 3 ट्रक ले बे, 8000 हाईवे लाइटिंग, 50 जेनसेट हाईवे लाइटिंग हेतु, आर.ओ.डब्लू. फेंसिंग आदि कार्य अभी तक शेष है इसके अलावा ठेकेदार के द्वारा रख रखाव के कार्य भी समय-समय पर एवं गुणवत्ता पूर्ण नहीं कराये जाते है जिसके कारण यात्रियों को समस्या एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद भी आमजन से टोल टैक्स पूरा वसूल किया जाता है जो कि विधि के विरूद्ध एवं न्याय संगत नहीं है। ऐसी स्थिति में कार्य पूर्ण न होने तक टोल टैक्स नहीं लिया जाना चाहिए था। वर्ष 2016 में अनाधिकृत तरीके से दिए गए कार्य समापन प्रमाण पत्र को निरस्त किए जाने के संबंध में भी राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही/संस्तुति क्यों नहीं की गयी, जब वर्तमान में भी कार्य अधूरे हैं। परियोजना में बहुत से कार्य कराया जाना अभी भी शेष है जिस पर आज कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न ही ठेकेदार के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी और न ही टोल दरों में कमी की गयी कार्यों के पूर्ण न होने पर यात्रियों को हो रही असुविधाओं को दरकिनार करते हुए पूरा टोल वसूल किया जा रहा है। ओवरलोड वाहनों के संबंध में भी मनमाने तरीके से टोल वसूली की जाती है। तथा परियोजना में ठेकेदार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को जाने वाली सालाना प्रीमियम पर भी छूट ली जाती है।

अतः आपसे निवेदन है कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार को टोल प्लाजा पर की जा रही कथित अवैध वसूली को रोकने एवं वर्ष 2016 के लिए टोल की वसूली कराये जाने हेतु निविदा अनुबंद अनुसार कार्यों को पूर्ण कराए जाने हेतु संबंधित आवश्यक आदेश/निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।

(इति)

RE: Need to establish an 'Aushadhiya Kendra' in Sasaram parliamentary constituency, Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): 483 किलोमीटर में फैला कैमूर पहाडी क्षेत्र, जो विन्ध्य पर्वत माला का पूर्ववर्ती भाग है जिसका विस्तार जबलपुर के कातंगीसे रोहतास (सासाराम) बिहार तक है। इस पहाडी श्रृखंला में अनेकानेक औषधीय पौधों की मौजूदगी है। यदि इन औषधीय पौधों और इसके उत्पादों की उपयोगिता का सर्वे कराकर आवश्यक संग्रहण, विपणन एवं जन आरोग्य में इसका उपयोग किया जाए तो यह औषधीय संपदा राष्ट्र के स्वास्थ्य एवं राजस्व के संवर्द्धन में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर औषधीय संपदा का उपयोग आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः सदन के माध्यम से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम बिहार में स्थापित कैमूर पहाडी क्षेत्र के रोहतास प्रखण्ड मुख्यालय में एक वृहत औषधीय केन्द्र स्थापित कराने की कृपा की जाए।

(इति)

Re : Need to float fresh tender for construction of Tarsod-Fagne section of NH-6 into four lane in Maharashtra.

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव): NHAI द्वारा मई 2016 में NHDP-IV के अंतर्गत Four laning of Tarsod-Fagne section of NH-6 from km 422.700 to km 510.000 जिसका निर्माण Hybrid Annuity Mode में होना था उसके लिए टेंडर निकाला गया। नवंबर 2016 में इस परियोजना का टेंडर MBL Infrastructure की अगुवाई वाले consortium को दिया गया। इस राजमार्ग के निर्माण का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है और 2020 तक सिर्फ 14 प्रतिशत कार्य हुआ है और निर्माणाधीन होने के कारण अनुमानित 140 लोगों की इस राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो गयी है और स्थानीय लोगों में बहुत असंतोष है। NHAI के परियोजना निदेशक ने concessionaire पर 16 करोड़ रुपये की पेनल्टी लगाई है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इस परियोजना के लिए दिए गए tender को खारिज किया जाए और पुनः EPC model के माध्यम से इसके निर्माण के लिए Tender तत्काल float किया जाए, जिससे इस परियोजना को समय सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाए और यात्रियों को हो रही असुविधा का निवारण किया जा सके.

(इति)

RE: Need to provide jobs to local land oustees families in ONGC in Mahesana parliamentary constituency, Gujarat.

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा): मेरे संसदीय क्षेत्र महेसाणा में ONGC एसेट कार्यरत है। महेसाणा एसेंट तटवर्तीय तेल उत्पादन क्षेत्र में पूरे भारत में पहले नंबर पर है। महेसाणा क्षेत्र से भारत सरकार को हर साल अच्छी आमदनी होती है और मेरा क्षेत्र भारत सरकार को देश के विकास में मदद होती है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। यहाँ के किसान अपनी जमीन सरकार को समर्पित करके देश हित के काम में जुड़े है। लेकिन महेसाणा के किसान और कंपनी के बीच कई बार विविध मुद्दे को ले कर टकराव हो जाता है। जिसमें से कई मुद्दे वाजिब भी हैं। महेसाणा के लोग ज़्यादातर छोटे किसान हैं और वह खेतीबाड़ी और पशुपालन की आमदनी से अपना और अपने परिवार का पालन करते हैं। अब जब किसान अपनी जमीन ONGC को दे देगा तो परिवार के लिए उसको भी ONGC की तरफ से किराए के अलावा कुछ मिलना चाहिए, जिससे किसान और ONGC का टकराव भी खत्म होगा।

ONGC में contract में दिए गए कामों में लैंड लुजर्स किसानों के परिवार वालों को रोजगार मिलना चाहिए। चौकीदार जो भी contract आधारित नॉन टेक्निकल नौकरियाँ है, वह किसानों और लोकल लोगों को ही दी जानी चाहिए। जिससे लेंड लुजर्स किसानों के परिवार वालों का गुजारा हो सकेगा। ONGC को आईटीआई के साथ मिलके ONGC में काम आने वाले छोटे मोटे स्पेशियल कोर्सिज चलाने चाहिए ताकि ONGC में अच्छे टेकनिकल नॉलेज वाले कर्मचारी मिलें। ONGC में आईटीआई और इंजीनियरिंग से पास हुए लोगों को विभिन्न विभाग में एप्रेंटीस करने के लिए नौकरियाँ मिलती हैं। मेरी आपसे विनती है कि इस एप्रेंटीस में लेंड लूजर्स किसानों के परिवार वालों के लिए आरक्षण होना चाहिए और उस आरक्षण में मेरिट के आधार पर नौकरी मिलनी चाहिए।

मेरी माननीय पेट्रोलियम एंव प्राकृतिक गैस मंत्री से निवेदन है की इस विषय पर कार्यवाई हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देश जारी करें।

(इति)

RE: Regarding deteriorating law and order situation in Jharkhand.

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): 15 सितम्बर 2020 को हजारीबाग में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। 23 अगस्त को एक 21 वर्ष के युवक की हत्या हुई। राज्य में अपराध पनप रहा है। पिछली सरकार के कार्यकाल के मुकाबले इस सरकार में जुलाई में आपराधिक वारदातें 10 प्रतिशत बढी हैं।

रेप हत्या या कोयला बालू चोरी, विधि-व्यवस्था चरमरा गयी है। जिस नक्सलवाद को पिछली सरकार ने साफ किया था, आज वह मजबूत हो रहा है। मात्र 7 महीनों में 174 नक्सल घटनाएं हुई है।

राज्य मे अपराधियों को कोई डर नहीं रहा है लेकिन जनता डरी हुई है।

सदन का ध्यान झारखण्ड सरकार के कानून-व्यवस्था को कायम रख पाने में असफल होने की ओर आकृष्ट करवाना चाहता हूँ।

गृह मंत्रालय से आग्रह है कि वे झारखण्ड सरकार से रिपोर्ट मांगे कि राज्य में कानून पुनः स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं|

(इति)

RE: Need to upgrade Fragrance & Flavour Development Centre, Kannauj, Uttar Pradesh to Aroma University.

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): मेरे संसदीय क्षेत्र कन्नौज का इत्र एंव सुगंध व्यवसाय से लगभग 500 वर्ष का पुराना इतिहास है। भारत में सर्वाधिक इत्र व्यवसाय के रूप में पूरी दुनिया में कन्नौज ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लगभग 300 से अधिक छोटी से बड़ी इकाईयां आज इस उधोग में कार्यरत होकर उत्पादन के साथ-साथ रोजगार देने के लिए बहुत बड़ी साधन बनी हुयी है। कन्नौज में स्थापित सुगंध एंव सुरस विकास केंद्र 28 एकड़ के विशाल परिक्षेत्र में अवस्थित होने के साथ ही भारत सहित मिश्र, युगांडा, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि दुनिया के कई देशों के प्रशिक्षार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर इस व्यवसाय में दक्षता प्रदान करने का भी काम कर चुका है। जनपद कन्नौज में स्थित विशाल परिसर में अवस्थित इस प्रशिक्षण संस्थान को आवश्यकता अनुसार और भी भूमि उपलब्ध कराई जा सकती है। इसलिए यदि संस्थान को अरोमा विश्वविद्यालया के रूप में स्थापित कर दिया जाए तो दुनिया में भारत की यह एक अनोखी पहल होगी, जिसमें पुन: नालंदा और तक्षशिला की भांति भारत में भी लोग अरोमा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आया करेंगे। साथ ही विषय विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त करने और शोध कार्य होने से बेहतर परिणाम प्राप्त कर दुनिया में इसके निर्यातक देश के रूप में भी अपना स्थान बना सकेंगे।

अत: मेरा सदन के माध्यम से माननीय मंत्री से आग्रह है कि सुगंध एंव सुरस विकास केंद्र (Fragrance and Flavour Development Center) को ओरमा विश्वविद्यालया के रूप में विकसित किया जाए।

(इति)

RE: Regarding interlinking of rivers in northern and southern areas of Bihar

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): महोदय मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद दक्षिणी बिहार के मगध प्रमंडल का एक सूखाग्रस्त जिला है तथा यहाँ पेयजल की भी समस्या बेहद गंभीर है। हालत यह है कि यहाँ जमीनी जल का स्तर इतना नीचे पहुंच चुका है कि फरवरी मार्च से ही चापाकल सूखने लगते हैं और गर्मियों में पेयजल की बड़ी ही गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है | वहीं बरसात के महीनों में उत्तरी बिहार में हाहाकार की स्थिति हो जाती है।

अध्यक्ष जी, आज देश में लगभग सभी प्रदेशों में पेयजल का संकट गहराता जा रहा है ऐसे में मेरा सरकार से आग्रह है कि वर्षाकाल में उत्तर बिहार की बडी नदियों गंगा, कोशी आदि के अतिरिक्त जल प्रवाह के पाइप परियोजनाओं के माध्यम से दक्षिण बिहार की नदियों फल्गु, मोरहर, केशहर, पुनपुन, मदाड, अदरी, बटाने, टेकारी नदी आदि में स्थानान्तरित कर इन नदियों को जलाश्य के रूप में उपयोग किया जाए, इससे जहां बाढ की समस्या से कुछ राहत की उम्मीद होगी, वहीं इस सूखाग्रस्त इलाके में जलस्तर उठने से पेयजल की समस्या का समाधान भी हो सकेगा।

(इति)

Re: Amending CSR rules

SHRI A. NARAYANA SWAMY (CHITRADURGA): The current attitude towards the use of CSR funds needs to be changed. Current practices are against the spirit of CSR. A new set of guidelines need to be implemented so as to ensure that the local community get basic facilities and better environment through CSR projects. A proper monitoring needs to be set up under the chairmanship of Hon'ble Member of Parliament representing Lok sabha in the area from where a company operates. Hon'ble MP can review the CSR implementation and he/she can even expand the coverage of MPLADS with co-funding from CSR. This will help the local people and local administration to converge the additional funds available under CSR for local development. Hence, the Centre should amend the CSR rules to facilitate local development.

(ends)

RE: Need to provide adequate lighting facility on over bridges on NH 27 (Jhansi-Kanpur) in Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): राष्ट्रीय राजमार्ग - 27 झॉसी से कानपुर के मध्य जितने भी ओवर ब्रिज बनाये गये हैं उन पर डबल लाइट की जगह सिंगल लाइट लगायी गयी है जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सर्विस मार्ग पर उचित रोशनी नहीं होती है, अभी तक कई ओवरब्रिज पर सर्विस रोड ही नहीं बनाये गए हैं, जिससे सही दिशा में आने वाले वाहन गलत दिशा में जाकर रोड पार करते हैं जैसे भुजौंद, पिरौना भोगनीपुर का पुल इत्यादि, इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग में जितने भी संपर्क मार्ग जुड़ते हैं, राष्ट्रीय राजमार्ग की ऊँचाई ज्यादा होने के कारण वाहन तेजी से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते हैं, नियमानुसार उनके लिए भी 100 मीटर समतल मार्ग बनाये जाने की आवश्यकता है, उपरोक्त कार्य न होने के कारण लगातार दुर्घटनाएँ हो रही हैं,

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि उपरोक्त कार्यों की जांच करवाकर दोषियों को दण्डित करते हुए शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराया जाए।

(इति)

RE: Alleged irregularities in Pradhan Mantri Awas Yojana and other rural development schemes in Pratapgarh district, Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): प्रधानमंत्री जी ने 2022 तक सभी को आवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं से युक्त करने का लक्ष्य बनाया है जिसके तहत सीधे लाभार्थियों के खातों में भारत सरकार से पैसा भेजने की व्यवस्था सुनिशिचत की गई है लेकिन खेद का विषय है कि कतिपय अधिकारियों के कथित भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण वे योजनाएं निचले स्तर पर कहीं- कहीं फलीभूत होने से रह जा रही हैं।

मेरे द्वारा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में व्यक्तिगत रूप से जनपद प्रतापगढ़ की कुछ ग्राम पंचायतों में हुए प्रधानमंत्री आवास सहित ग्रामीण विकास विभाग के कथित अनियमितताओं के संबंध में पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए जांच कराकर प्रधानमंत्री आवास सहित अनेक योजनाओं में लाभार्थियों से कथित रूप से धन उगाही किए जाने तथा उन्हें पात्रता के बावजूद भी योजनाओं से वंचित किए जाने और उसके साथ-साथ पत्र लाभार्थी के नामों से मिलते-जुलते लोगों को धन उगाही कर उनके आवास का पैसा दूसरे के खाते में आबंटित किए जाने के विशिष्ट प्रकरण मंत्रालय में दिए गए। किन्तु खेद का विषय है कि 1 वर्ष की लंबी अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद मेरे द्वारा उसमें रिमाइंडर भी इस संबंध में प्रस्तुत किए गए किन्तु मंत्रालय से किसी प्रकार का कोई आवश्यक कदम न उठाए जाने के कारण भ्रष्टाचारियों का मनोबल ऊपर उठ रहा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार से मांग करता हूँ कि वह मेरे द्वारा लाभार्थी परक योजनाओं में भारत सरकार से दी जाने वाली धनराशि में किए गए अनियमितताओं के संबंध में मेरे प्रेषित पत्रों के 1 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही न करने वाले लापरवाह जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करते हुए उसकी वास्तविक जांच कराकर जनता को न्याय दिलाने जाने का कार्य करे।

(इति)

RE: Need to set up sewage treatment plant in drains in North East Delhi parliamentary constituency.

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): मैं अपने संसदीय क्षेत्र की एक बड़ी आबादी क्षेत्र में पानी निकासी न होने जैसी बड़ी समस्या की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूँ जिसके कारण करावल नगर, मुस्तफाबाद, गोकलपुर, घोंडा, बुराडी विधान सभा की दर्जनों कालोनियों में गंदे पानी का जल जमाव हो जाता है और भूजल भी जहरीला हो रहा है। गंदे पानी के जल जमाव से हरियाली नष्ट हो रही है और कई जल-जनित बीमारियाँ पनप रही है। मेरे द्वारा गोद लिए अकेले आदर्श गाँव सभापुर में इसी कारण से कैंसर से पीडित होकर लगभग आधा दर्जन लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य लोगों का इलाज चल रहा है।

मै सदन के माध्यम से शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि लाखों लोगों के जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अमृत योजना के तहत इन क्षेत्रो में स्थित सभी बड़े नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाएं जिससे नालों के पानी को शोधित कर विभिन्न कार्यो में उपयोग किया जा सके और भूजल को जहरीला होने से बचाने के साथ ही गंदगी और जहरीले पानी से होने वाली कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से बड़ी आबादी को बचाया जा सके और पर्यावरण की रक्षा भी हो सके।

(इति)

RE: Need to ensure adequate medical facilities for treatment of non-Covid patients in hospitals.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): कोरोना से संघर्ष के प्रारंभिक चरण में सही समय पर लॉकडाउन की घोषणा कर प्रधान मंत्री जी ने इस संघर्ष को जन आंदोलन बनाकर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया। जिससे आज भारत में कोरोना संक्रमितों के स्वस्थ होने का प्रतिशत विश्व में सबसे अच्छा है।

आज जब हम अनलॉक की ओर बढ़ रहे हैं, संक्रमितों की संख्या में वृद्धि चुनौती बनकर उभर रही है। संक्रमितों के लिए पर्याप्त बेड्स, ऑक्सीजन, वेंटीलेटर्स आदि के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकारें कृत संकल्पित हैं। कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पतालों में अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें नहीं मिल पा रही है। निजी अस्पताल अपनी भूमिका का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं। अन्य बीमारियों का भी इलाज ठीक प्रकार से हो सके यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सभी प्रदेश सरकारों को इस हेतु विशेष सलाह (एडवाइजरी) जारी करने पर विचार किया जाना चाहिये।

(इति)

Re: Inclusion of Gorboli in 8th Schedule to the Constitution

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE (KALYAN): Gor Banjara language (Gorboli) is predominantly spoken by the Banjara/Lammani/Lambhadi and other communities in the State of Karnataka, Maharashtra, Andhra Pradesh, Telangana and few other states. As 'Gorboli' does not have script, its history stays alive through oral traditions. The ancient culture and heritage of this community and language has not been recognized under the Constitution since Independence. Vast amount of literature and books have been written in Gorboli by Sahitya Academy and there is a need to record its history and protect the language and oral traditions. We need to see Banjara language within the matrix of the cultural, social, economic and political life of the community and not in isolation. I request the Government to develop the Gorboli (Banjara) language by including the same in the 8th Schedule to the Constitution at par with the other languages.

(ends)

RE: Need to construct flyover on NH-27(28) and a bridge over Gandak river in Gopalganj parliamentary constituency, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मैं आपके माध्यम से ममानीय सड़क परिवहन एंव राज मार्ग मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज ईस्ट-वेस्ट कोरीडोर NH - 27 (28) की ओर दिलाना चाहता हूँ जिसमें एक फ्लाई ओवर का निर्माण कई सालों से बंद पड़ा है। यह फ्लाई ओवर गोपालगंज के बंजारी मोड से लेकर हजियापुर तक है। फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं होने से गोपालगंज शहर में घंटों गाड़ियों की लंबी जाम लगी रहती है।

ट्रक जो कि अलग-अलग राज्यों के लिए essential commodities लेकर इस मार्ग से बंगाल तथा उत्तरपूर्व के राज्यों में जाते हैं, घंटों तक जाम में फंसे रहते है। जिसके कारण शहर में Air Pollution की भी समस्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ साथ NH - 28 के गंडक नदी पर डुमरियाघाट पुल का निर्माण भी बरसों से अधूरा पड़ा है। निर्माण या रिपेयर का कार्य शुरू नहीं होने की स्थिति में कभी भी भयंकर दुर्घटना घट सकती है। मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में NH के जहां जहां फ्लाई ओवर बना हुआ है उसमें एवं उसके सर्विस लेन में एक से दो फीट तक गड्डे बन गए हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उपरोक्त कार्यों के लिए कई महीने पहले ही पैसा स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन आजतक NHAI द्वारा कार्य को शुरू नहीं किया गया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि बरसों से बंद पड़े फलाई ओवर एंव डुमरियपुल का तथा अन्य मरम्मत कार्य को शुरू करने के लिए निर्देश देने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद अध्यक्ष महोदय,

महापत्तन प्राधिकरण विधेयक

1930 बजे

माननीय अध्यक्ष : आइटम नम्बर 23, महापत्तन प्राधिकरण विधेयक, 2020 - माननीय मंत्री जी।

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SHIPPING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI MANSUKH L. MANDAVIYA): Sir, I rise to move :

> "That the Bill to provide for regulation, operation and planning of Major Ports in India and to vest the administration, control and management of such ports upon the Boards of Major Port Authorities and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

सर, मैं यह बिल इसलिए लेकर आया हूं कि देश में हमारी मेरीटाइम हिस्ट्री बहुत पुरानी है। मेरीटाइम सेक्टर से ही दुनिया के साथ हम कनेक्ट रहते थे और विश्व में सबसे पुराना मेरीटाइम सेक्टर, सबसे पुराना एग्जाम्पल और सबूत है, तो वह गुजरात में लोथल है। लोथल में पांच हजार साल पुराना एक डॉक मिला है। पांच हजार साल पहले कितना सिस्टमैटिक और साइंटिफिक नेविगेशन सिस्टम होता था, उसका बेस्ट एग्जाम्पल लोथल में दिखाई देता है। उसके बाद समय-समय पर मगध साम्राज्य, पांडियन, चालुक्य आदि वेस्टर्न ईस्ट कोस्ट पर शासन करने वाले सभी सम्राटों के इतिहासों को देखें तो उनके समय में भी मेरीटाइम सेक्टर था, वे मेरीटाइम के विषय में ज्ञान रखते थे और स्पेसिफिक आइलैण्ड कंट्री तक उनकी पहुंच रहती थी।

उसके बाद जब देश में अंग्रेज आए और अंग्रेजों ने एक स्थिति निर्मित की। इंडिया में बेस्ट शिप बिल्डिंग होती थी। इंडिया में सभी पोर्ट्स से दुनिया के साथ कारोबार होता था। उसके भी कई एग्जाम्पल्स हैं। आप गुजरात में अहमदाबाद जाइए, वहां मस्कती मार्केट है। गल्फ ऑफ कैम्बे के मार्फत वह अफ्रीकन कंट्रीज और सभी के साथ सी ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े हुए थे। आज ईस्ट अफ्रीका की किसी भी कंट्री में जाकर देखिए, वहां आपको कोई न कोई इंडियन, जिसका ओरिजिन इंडियन है, ऐसे लोग सी रूट के माध्यम से वहां पहुंचे थे।

1933 बजे (श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

जब अंग्रेज आए तो अंग्रेजों ने देश में शिप बिल्डिंग पर प्रतिबंध लगा दिया, देश में सीफेरर पर प्रतिबंध लगा दिया, देश में उनके वेसल्स पर कैप्टन अंग्रेज ही हो, ऐसा सुनिश्चित कर दिया। उसके बाद से हमारा मेरीटाइम पीछे हुआ और आजादी के बाद यह सेक्टर बहुत उपेक्षित रहा। इसके उपेक्षित रहने से आज के दिन देश में 204 पोर्ट्स हैं। उन 204 पोर्ट्स में 12 मेजर पोर्ट्स हैं। इनमें नॉन मेजर पोर्ट्स हैं और प्राइवेट पोर्ट्स भी हैं। पोर्ट सेक्टर में भी एक टाइम का कॉम्पटीशन आज के दिन दिखाई दे रहा है। बदलते समय के साथ पोर्ट सेक्टर को बदलना आवश्यक होता है। पोर्ट सेक्टर में जो रूल्स

और रेगुलेशन या बिल, जिससे वे रेगुलेट होते हैं, ऐसी व्यवस्था अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही है। ऐसी स्थिति थी कि 150-200 साल पुरानी कई व्यवस्थाओं से हमारा मेरीटाइम सेक्टर कंट्रोल होता था। समय के साथ बदलने के लिए, हमारे पोर्ट सेक्टर को वर्ल्ड के पोर्ट्स सेक्टर्स से कॉम्पटीशन करने के लिए और वर्ल्ड के पोर्ट्स से कॉम्पटीशन हमारे पोर्ट्स भी कर सकें, प्राइवेट पोर्ट्स और मेजर पोर्ट्स आपस में कॉम्पटीशन कर सकें, बेस्ट प्रैक्टिस कर सकें, उस उद्देश्य से पोर्ट सेक्टर में मेजर पोर्ट को स्वायत्तता देने के लिए, मेजर पोर्ट्स की एक्टिविटीज को स्मूथ करने के लिए, उसको कॉम्पिटेंट बनाने के लिए मैं मेजर पोर्ट अथॉरिटीज बिल, 2020 लेकर आया हूं। मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन इसके ऊपर विचार करे।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि भारत में महापत्तनों के विनियमन, प्रचालन और योजना के लिए तथा महापत्तन प्राधिकरणों के बोर्डों में ऐसे पत्तनों के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन को निहित करने तथा उससे संबद्ध या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।।"

(1935/MM/SPR)

1935 बजे

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): सभापति महोदय, महापत्तन प्राधिकरण विधेयक, 2020 का समर्थन करने के लिए आज मैं सदन में बोल रही हूं।

आदरणीय सभापति जी, हमारा देश द्वीपकल्प है, यानी हमारे देश के तीन तरफ समुद्र है और एक तरफ हिमालय पर्वत है। समुद्री तटों का सही तरीके से उपयोग हमारे पूर्वजों ने भी किया था। हमारे माननीय मंत्री जी ने अभी बताया कि पूर्व में भी, यानी हमारा इतिहास साक्षी है कि हमारे देश का कारोबार विदेशों के साथ उस टाइम पर भी समुद्र से होता था और उसी समय हमारा देश सोने की चिड़िया कहा जाता था। लेकिन जैसा कि बताया गया है कि हमारे देश पर विदेशी आक्रमण होते रहे, हम गुलामी की स्थिति में आ गए। इससे हमारे पोर्ट्स और समुद्री व्यापार पर बहुत ही गम्भीर असर पड़ा। धीरे-धीरे हमारे पोर्ट्स ध्वस्त होते गए। इस तरह से हमारा देश गुलामी की अवस्था में आ गया। फिर हमारा देश आजाद हुआ। हमारे पोर्ट्स और देश का इंफ्रास्ट्रक्चर गति करने लगा। हमारा डेवलपमेंट होने लगा। हमारे माननीय श्री नरेन्द्र मोदी साहब ने जब से देश की बागडोर सम्भाली तब से मुझे लगता है कि आफ़त को भी कैसे अवसर में बदलने की हम में ताकत है, वह सबको उन्होंने दिखाया है। मैं एक छोटा सा एग्जाम्पल देना चाहती हूं कि हमारे गुजरात के कच्छ में दरिया के किनारे सॉल्ट की बंजर जमीन थी, उसका व्हाइट डेज़र्ट नाम रखने के बारे में किसी ने भी सोचा नहीं होगा। आज वहां देश और दुनिया से टूरिस्ट आ रहे हैं। इससे हमारे कच्छ पर ही नहीं, हमारे गुजरात के डेवलपमेंट और इकॉनमी पर बहुत फर्क पड़ा है।

सर, मैं भावनगर, गुजरात से आती हूं। हमारा भावनगर कोस्टल एरिया है। इतिहास साक्षी है कि हमारा घोघा बंदर से बहुत बड़ा कारोबार होता था। गुजराती में एक कहावत भी है- "लंका नी लाडी आने घोघा नो वर।" यानी कि हमारे समुद्री संबंध इतने अच्छे थे और वे कैसे चल रहे थे, वह हम इस कहावत से समझ सकते हैं। इसी घोघा बंदर से दहेज तक रो-रो फेरी और पेक्स सर्विस चालू हो गयी है। यह हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का विजन था। इससे हमारे भावनगर का ही नहीं बल्कि पूरे सौराष्ट्र का डेवलपमेंट हो रहा है। दूसरा, एशिया का सबसे बड़ा शिप ब्रेकिंग यार्ड, अलंग में है जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र में है। पूरे विश्व में से जहाज वहां ब्रेक करने के लिए आते हैं और पिछले सैशन में ही माननीय मंत्री जी हांगकांग कनवेंशन का एक बिल लेकर आए थे। हांगकांग कनवेंशन का बिल पास होने के बाद जो थोड़े बहुत जहाज हमारे यहां नहीं आ रहे थे, वे भी अब आने लगेंगे। आने वाले पांच सालों में अलंग का शिप ब्रेकिंग का व्यापार डबल हो जाएगा। अलंग शिप ब्रेकिंग यार्ड हमारे भावनगर की लाइफलाइन है। हमारे भावनगर में भी दो पोर्ट्स हैं, एक ओल्ड पोर्ट और एक न्यू पोर्ट भी है। हमारे महाराजा कृष्ण कुमार सिंह जी ने वहां लोक गेट बनाया था। भावनगर के डेवलपमेंट के लिए पोर्ट में भी उन्होंने बहुत सारे कार्य किए थे। माननीय मंत्री जी भावनगर के ही हैं। सदन के सामने एक बात मैं खुले दिल से रखना चाहती हूं कि हमारे भावनगर के लोगों ने एक डिमांड रखी थी कि हमारे भावनगर के पोर्ट के लिए कुछ किया जाए, डेवलपमेंट किया जाए। वहां कार्गो तो

हेंडल होता है, लेकिन कुछ डेवलपमेंट किया जाए। लेकिन हमारी कल्पना में भी नहीं था कि हमारे मंत्री जी, हमारी केन्द्र सरकार और हमारी गुजरात सरकार ने मिलकर देश का सबसे पहला सीएनजी पोर्ट दो हजार करोड़ रुपये में भावनगर में स्थापित करने के बारे में सोच लिया है और कुछ समय में ही वह शुरू होने वाला है। इससे हजारों की संख्या में हमारे भावनगर के लिए रोजगार बढ़ेगा और बहुत ज्यादा व्यापार भी यहां से होने वाला है।

सर, जब मुझे बोलने का मौका मिला है तो मैं सरकार के सामने कुछ डिमांड भी रखना चाहती हूं कि हमारे भावनगर के पोर्ट में ड्रेजिंग की समस्या रहती है।

(1940/SJN/UB)

हमारे भावनगर का जो न्यू पोर्ट है, उनमें ड्रेजिंग की बहुत बड़ी समस्या रहती है, तो बार-बार उनकी ड्रेजिंग की जाए, जिससे हमारा वहां से जो ट्रांसपोर्टेशन होता है, वह अच्छे तरीके से हो सके। हमारे महाराजा ने जिस लॉक गेट का निर्माण किया था, अब उसका भी नवीनीकरण करने की बहुत जरूरत है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट जो घोघा-दहेज रो-रो फेरी सर्विस है, वह चालू तो है, लेकिन टेक्निकल प्राब्लम्स की वजह से वह कहीं-कहीं बंद भी हो जाती है।

मेरी दूसरी डिमांड यह है कि घोघा से सूरत के...(व्यवधान) लिए रो-रो फेरी सर्विस शुरू की जाए और घोघा से मुंबई के लिए भी एक रो-रो फेरी सर्विस शुरू की जाए। एक हमारा फिशरीज़ के लिए बहुत ही पुराना बंदरगाह है, जो सरतानपर बंदरगाह है। अगर हम उसका भी डेवलेपमेंट कर सकें, तो फिशरीज़ के लिए बहुत ही अच्छा होगा। हमारे यहां ऐल्कौक ऐश्डाउन नामक एक कंपनी है। वहां छोटे-मोटे जहाज तो बनते थे, वहां नेवी के भी जहाज बनते थे, लेकिन किसी कारणवश वह अभी बंद हो गए हैं। मुझे लगता है कि भारत सरकार ने...(व्यवधान) हैंडओवर कर लिया है। लेकिन यह ऐल्कौक ऐश्डाउन भी फिर से कार्यरत हो सके।...(व्यवधान)

(इति)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल) : माननीय सदस्य, कृपया संक्षेप में बोलिएगा, क्योंकि समय कम है।

...(<u>व्यवधान</u>)

1941 hours

SHRI LAVU SRI KRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, when we are discussing the Major Port Authorities Bill, 2020, we need to take into context the following points.

First, India's rank has declined from 35th to 44th in the 2018 report of the World Bank's Logistics Performance Index. India is way behind Singapore, China, Malaysia and UAE. In the other indices also, the average turnaround time across major ports in India has increased from 59 hours to 62 hours since last year.

Second, the average output per day has reduced from 16,500 tons to 16,100 tons. The third point we should look at is the budgeted Capital Outlay on ports and lighthouses for this year has declined by 75 per cent since last year from Rs. 535 crore to Rs. 135 crore.

I come from Andhra Pradesh where Visakhapatnam Port's traffic share among India's major ports has consistently declined from 2014-15. I understand that there is a need for improving the management of major ports. The provision of this Bill says that port authorities will don the role of landlords – a model widely followed globally wherein the publicly governed port authority acts as a regulatory body and a landlord while private companies carry out their cargo-handling activities.

Principally, the Bill adopts a three-step approach to achieve its objective. First step is through a Board representing the Centre, the States, Railways, Defence, Customs and independent members. Second step is by giving greater autonomy to this Board to make master plans. Third step is by creating transparency in the functioning of the ports through proper accounts which are audited by the C&AG.

The problem with the implementation of this Bill is related to clause 2 of Section 22; clause 3 of Section 22; and clause 2 of Section 25 and Section 26. Basically, it is literally taking away the involvement of the State Government with the Central Government wherein the Board can actually decide on development of the port's master plan and everything. It cannot create an island just by port itself unless we create some sort of a connection through Railways or electricity which has to come through the States. So, we have to take the States' interest

also into consideration. Not only that, even the fishermen also need to be kept in mind because the inland waterways are also developed by the Ports Trust. So, the fishermen and the communities which are dependent on the inland waterways have to be taken into consideration. Just because they are not at the port, they are outside the port, we cannot say that they are not related to it. It has to be taken into consideration.

Regarding Visakhapatnam Port in Andhra Pradesh, the turnaround time has increased in the financial year 2019 because of the unavailability of the train rakes during peak season. We can request the Government to look into this and give the train rakes. Connectivity can be further enhanced by connecting ports to the inland waterways. A pilot project can be taken up by the Government in Visakhapatnam under the Sagarmala Project.

1944 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

Another problem that Visakhapatnam Port faces is that it handles 75 per cent of India's dangerous chemical cargos including Ammonium Nitrate. Even as we are speaking, 40,000 tons of Ammonium Nitrate is waiting to enter the port which is 13 times the amount of what exploded in Beirut. I have already made the request with our MoS for Home Affairs, Mr. G. Kishan Reddy *Garu* and he has already promised to look into it.

(1945/KMR/GG)

I am confident that the Central Government will take note of our suggestion and undertake a positive review of the key performance indicators of the major port.

We as the YSR Congress Party repeat our support for this Bill. We hope that reformed management of the ports will also improve the infrastructure and operational efficiency by taking into consideration the local people and the fishermen communities.

Thank you very much.

(ends)

1945 hours

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): Sir, while supporting the Bill, I would like to make a request to the hon. Minister, through you. Just a few weeks ago the Union Government recognised the Paradip Port as number one Major Port of cargo handling. I request the hon. Minister to rename Paradip Port after Odisha's Biju Babu to honour his contribution to developing the Paradip Port.

Sir, it is well known that when Nehru ji refused to give funds to build the Paradip Port, Biju Babu said then, "To hell with the Indian Government! I will build the port with the State Government money or my own money". And he spent Rs.1.6 billion on it. Later Nehru ji sanctioned funds for the project, but it was Biju Babu's greatened vision that ensured Paradip Port becomes a reality.

The maritime growth story started by Biju Babu has been taken to new heights by current Odisha Chief Minister, hon. Shri Naveen Patnaik Sir, who has played a pivotal role in the port-led development of Odisha be it setting up Gopalpur port, Dhamra port, Subarnarekha port, or setting up a Maritime Board in the recent times.

Representations have been made to rename the Paradip Port earlier as well. I reiterate the same demand and request the Government, through you, to rename the port. It would also be a tribute to Odisha's glorious history of sea-fearing and maritime trade.

Sir, my hon. colleague from Biju Janata Dal, Bhartruhari Mahtab ji, gave an amendment on this and he will speak more on that. Thanking you once, I once again request the hon. Minister to consider our request. Thank you so much, Sir.

(ends)

1947 बजे

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): महोदय, आपने मुझे इस विधेयक की चर्चा पर भाग लेने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। सरकार द्वारा समुद्री परिवहन के विस्तार एवं उसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह विधेयक सदन के समक्ष लाया गया है। इससे विश्व के अनेकों देशों के साथ भारत का व्यापार तथा वाणिज्य सुगम एवं सरल होगा। व्यवसायीकरण को बढ़ावा मिलेगा, प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे त्वरित और पारदर्शी निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी और व्यापार जगत को इसका लाभ मिलेगा। इससे निष्पादन क्षमता में भी बढ़ोत्तरी होगी।

अध्यक्ष महोदय, किसी भी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में समुद्री परिवहन की प्रमुख विशेषता होती है और अधिकांश देश समुद्री मार्गों से जुड़े होते हैं। भारत का तो मूल्य के अनुसार करीब 70 प्रतिशत का व्यापार, यात्रा के अनुसार लगभग 95 प्रतिशत का व्यापार समुद्री मार्गों पर ही निर्भर है। इस क्षेत्र में हम लोग पिछड़ रहे हैं। यही कारण है कि यह विधेयक लाया गया है।

अध्यक्ष महोदय, यह कानून चेन्नई, कोचीन, जवाहरलाल नेहरू पत्तन, कांडला, कोलकत्ता, मुंबई, न्यू बैंगलुरु, मोरमुगांव, पाराद्वीप, वियोचिदंबरम और विशाखापतनम जैसे प्रमुख बंदरगाहों पर लागू होगा। संसदीय स्थायी समिति भी इस पर अपनी रिपोर्ट दे चुकी है। अत: कानून बनाने से देश की समुद्री परिवहन व्यवस्था में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदलाव आएगा। कानून बनाने से प्रत्येक स्थानों पर महापत्तन प्राधिकरण बोर्ड बनेगा। स्वतंत्र सदस्यों का सुगठित बोर्ड सभी प्रकार के निर्णय एवं भविष्य की योजनाओं पर विचार करने के लिए त्वरित आदेश देगा। यह बोर्ड पीपीई मॉडल पर भी अपना निर्णय देगा। किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने वालों पर बोर्ड स्वयं जुर्माना लगाने का निर्णय लेगा, यह बोर्ड अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए पूर्णरूपेण स्वतंत्र भी होगा। यह भारत में व्यापार को सरल और सुगम बनाने में एक अहम भूमिका अदा करने वाला संस्थान होगा।

महोदय, इस कानून के बनने से महापत्तन न्यास अधिनियम सन् 1963 स्वत: निरस्त हो जाएगा। इस नए कानून के तहत एक पूर्ण स्वायत्त एवं स्वतंत्र महापत्तन प्राधिकरण बनने जा रहा है। महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ। माननीय सदस्य ने पाराद्वीप के बारे में जो कहा है कि बीजू बाबू के नाम पर वह होना चाहिए, इसका भी मैं समर्थन करता हूँ।

(इति)

(1950/SNT/KN)

1950 hours

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Thank you, hon. Speaker, Sir, for giving me the opportunity to speak on this important Bill.

I am a representative from Tamil Nadu and I am a witness to the growth the State has received from the Chennai port. Being a hub port for containers, cars, cargo, the port's container traffic has crossed one million TEUs and is ranked 86th in the world. With plans to expand its capacity to 140 million tonnes per annum and having direct connectivity to more than 50 ports in the world, it is a major source of trade.

Sir, the major focus of this Bill is modernization, minimum Government and maximum governance, which will lead to boosting of trade. The Bill seeks to ensure greater efficiency by freeing up ports from as much red-tapism as possible while ensuring sufficient accountability by delegating to the port authority full power to enter into contracts, planning and development, and fixing of the tariff.

Sir, finally, I suggest the Government to make some new provisions for the autonomy, transparency, and efficiency for all 205 notified minor and intermediate ports in our country.

With this, I support this Bill. Thank you, Sir.

(ends)

1951 बजे

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत): माननीय अध्यक्ष जी, मैं पोत परिवहन मंत्री श्री मनसुख भाई द्वारा लाए गए बिल का समर्थन करती हूं। इस विधेयक का उद्देश्य भारत में महापत्तनों के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन का नवीनीकृत करने के लिए महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 को प्रस्थापित करना है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई के नेतृत्व में देश की लगातार बढ़ती व्यापार आवश्यकताओं को पूरा करने में 12 महापत्तन और लगभग 200 गैर महापत्तन कार्यरत हैं। वर्ष 1920 के दौरान इन पत्तनों की क्षमता 2398 एमटीपीए थी। यह विभिन्न पत्तनों में नई बर्थों और टर्मिनलों के निर्माण, युक्तिसंगत उपयोग, पत्तन चैनलों में बड़े जलयानों को आकर्षित करने के लिए कर बढ़ाने हेतु कैपिटल ड्रेजिंग जैसी विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं के कारण सम्भव हो सका।

सूरत व्यापार के लिए बड़ा इंडस्ट्रियल हब है। सभी राज्यों और अन्य देशों से यहां व्यापार हो रहा है। सूरत का इतिहास पुराना है। गुजराती में कहावत है। वैसे तो आप दो दिन से गुजराती में बोलने की इजाजत दे रहे हैं। पोत को वहां बंदर कहते हैं। ˣ(84 पोतों पर बिजनेस होता था और जिनसे बिजनेस होता था, उनके फ्लैग वहां पर लगे हुए थे।)

पुराने किले में यह सब इतिहास उपलब्ध है, जहां पुर्तगाल की कोठी भी है, अंग्रेजों ने भी शासन किया था, मुगलसराय भी है। यहां तेजा ना मरी मसाला सच्चे मोतियों का व्यापार होता था सूरत के वाडिया बंधु उस जमाने में शिप बनाते थे, जिसे खरीदने के लिए देश-विदेश से लोग आते थे। शिवाजी महाराज की नौसेना भी यहां तैनात रहती थी। ऐसा पुराने बंदरगाह की वजह से सूरत बड़ा व्यापार क्षेत्र बना।

आज भी सूरत के पास हजीरा में बड़ी इंडस्ट्रियल बेल्ट है। ऐसे शहर में एस्सार, अढानी के प्रावइेट पोर्ट से व्यापार होता है। डायमंड का सबसे बड़ा हीराबुर्स, जो माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से सूरत में बनने जा रहा है। एनटीपीसी, ओएनजीसी, रिलायंस, एस्सार, अढानी जैसे बड़े उद्योगों के लिए यहां बहुत बड़े नए पोर्ट की सम्भावना है। हमारा पुराना मगदल्ला पोर्ट, जिसको इस बिल से बल मिलेगा और मैं मंत्री जी से आग्रह करूँगी कि इस डेवलपमेंट के बिल आप जो बिल लाए हैं, इसके लिए हम आपके आभारी हैं।

भारत के महापत्तनों की क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने हेतु एक बीसीजी नियुक्त किया गया था। बेंचमार्किंग अध्ययन में क्षमता का उपयोग प्रभावशाली रूप से किया गया है। महापत्तनों के यातायात की यात्रा में महत्वपूर्ण वृद्धि करने और पूंजीगत व्यय से बचने के लिए 12 महापत्तनों के लिए 116 नई पहलों की पहचान की गई है।

भारत सरकार ने 24 सितंबर, 2018 को ईरान के शाहीद बहेस्ती पत्तन चाबहार का दो वर्षों के प्रचालनों का कार्यभार संभाला है और एक वर्ष का सफल प्रचालन पूरा किया है।

महापत्तन प्राधिकरण विधेयक, 2020 में प्रस्तावित परिवर्तनों के साथ वहां पत्तनों के प्रशासन में काफी सुधार आएगा और शीघ्र निर्माण किए जाएंगे। यह विधेयक महापत्तनों के प्रशासन के लिए

ˣ Original in Gujarati

नए युग की शुरुआत होने की अपेक्षा है, जिसमें महापत्तन आर्थिक विकास में काफी योगदान देंगे और विकास का भूस्वामी मॉडल, जहां प्रमुख अवसंरचना का विकास पत्तन प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। वाणिज्य प्रचालन निजी कम्पनियों को बोली पर दिया जाएगा, ऐसी नीति अपनाते हुए विश्वस्तरीय पत्तन अवसंरचना प्रदान करेंगे।

परिवहन मंत्रालय ने 31 जुलाई, 2016 से सभी महापत्तनों के लिए नई स्टीवडोरिंग एवं तटसंभलाई नीति कार्यान्वित की है।

(1955/CS/GM)

इस बिल में सुरक्षा निकासी, दिशा-निर्देश, व्यापार करने में आसानी, कंटेनर स्कैनर, रेडियो फ्रीक्वेंसी, आइडेन्टिफिकेशन, पत्तन सामुदायिक प्रणाली, डायरेक्ट पोर्ट डिलिवरी, डायरेक्ट पोर्ट एंट्री, एसआईपीसी, दीनदयाल पत्तन न्याय (डीपीटी), पारादीप पत्तन पर स्मार्ट इंडस्ट्रियल स्पोर्ट सिटी, स्वच्छ भारत अभियान, गैर-परंपरागत ऊर्जा, महापत्तनों में सुरक्षा, महापत्तन ऊपर भूस्वामी मॉडल, जेएनपीटी द्वारा महाराष्ट्र के दहानू के वधावन में महापत्तन का विकास, जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास में प्रथम आधारित एसईजेड का विकास, इन सबका भी इस बिल में प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2020 के लिए मैरिटाइम एजेंडा ने पत्तन प्रचालन सहित कार्यात्मक क्षेत्रों को शामिल करते हुए एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) को कार्य बंद करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश के आधार पर जिन पाँच पत्तनों को चुना गया है, उसमें मुंबई, दीनदयाल कांडला, कोलकाता, पारादीप और चेन्नई हैं।

मैं बिल का समर्थन करते हुए फिर से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूँगी कि सूरत में आने वाले दिनों में इस बिल का परिणाम हमें जरूर मिलेगा, जिसमें आपका सहयोग रहेगा। धन्यवाद।

(इति)

1956 बजे

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): महोदय, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं नितिन गडकरी जी को भी याद करना चाहूँगा, जिन्होंने इस क्षेत्र में बहुत बड़ा काम किया और उनके काम को हमारे युवा मंत्री मनसुख एल. मांडविया जी बहुत आगे लेकर जा रहे हैं। लोग इनसे बहुत खुश हैं और जिनको भी इनसे मिलना होता है, ये तुरन्त उनसे मिलते हैं, उनकी बात सुनते हैं और उनका काम भी करते हैं।

महोदय, मैं इस बिल की कुछ विशेषताओं के बारे में बात करना चाहूँगा। यह जो बिल है, नये ग्लोबल मार्केट में कम्पीट करने में इससे बहुत परेशानी होती है, इसलिए हम इसमें अमेंडमेंट लाए हैं। इसमें सबसे बड़ा बिन्दु है कि इसमें 13 मेंबर्स होंगे और इसमें चार इन्डिपेन्डेंट मेंबर्स को लेने का प्रावधान हमने किया है। पहले जो बिल थे, जो बोर्ड थे, उसमें कान्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट के बहुत सारे मेंबर्स थे, इन सारे लोगों को इस नए बिल में निकालने का काम किया है और यह बहुत बड़ा काम किया है। इसके लिए मैं निश्चित रूप से अपने दिल की गहराइयों से मंत्री जी का अभिनन्दन करता हूँ। ये सारे जो कान्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट के लोग थे, इन्होंने सारे पोर्ट ट्रस्ट को अपने हाथ में रखा था और ये ही कामकाज को चलाते थे।

महोदय, सभी डिसिजन बोर्ड के लोग लेंगे और जो डिसिजन लेंगे, उसे 60 दिन में अमल में लाने का प्रयास करेंगे, यह भी बहुत बड़ी उपलब्धि है, ऐसा मैं मानता हूँ। साल में सिर्फ एक बार केन्द्र सरकार को इनको हिसाब देना पड़ेगा। यह बोर्ड कैग के ऐम्बिट में आता है। यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमें सब जगह इसका अमलीकरण आने वाले दिनों में करना पड़ेगा। डिस्प्यूट सेटलमेंट के लिए पोर्ट में ही व्यवस्था की गई है। वहाँ के जितने भी डिस्प्यूट होंगे, रिटायर्ड जज के माध्यम से उन्हें सुना जाएगा और वे वहीं पर उनका समाधान करेंगे। अगर कोई समाधान नहीं होता है तो फिर सिर्फ डायरेक्ट सुप्रीम कोर्ट में जाने का उनको प्रोविजन है, बीच में कहीं पर भी उनको कोई व्यवस्था नहीं है। मैं मानता हूँ कि सारे डिस्प्यूट इंटरनली सुलझा लिए जाएंगे और फिर हम सबको पता है कि सुप्रीम कोर्ट में भी बहुत जल्दी फैसला आता है तो यह एक बहुत बड़ी पहल है, ऐसा मैं मानता हूँ।…(व्यवधान)

महोदय, मैं अपनी बात पूरी कर रहा हूँ। इस बोर्ड को 50 प्रतिशत लोन लेने का भी अधिकार दिया गया है। हमारे देश के प्रधान मंत्री जो विवाद से विश्वास की बात करते हैं, बजट में जब उन्होंने ऐसा कहा था तो हम किसी के भी दिमाग में यह नहीं आया था कि विवाद से विश्वास क्या हो सकता है, लेकिन बोर्ड को विश्वास देकर आने वाले दिनों में बहुत तेजी से पोर्ट का कामकाज चलेगा।

महोदय, नितिन गडकरी जी हमेशा कहते थे कि रोड पर पाँच लाख से भी ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और पोर्ट में कम से कम दुर्घटनाओं में बहुत ज्यादा से ज्यादा काम होता है, यह भी हमने देखा है।

अंत में, मैं मंत्री महोदय से एक ही निवेदन करूँगा कि देश के प्रधान मंत्री जी वर्ष 2022 तक सबको हक का पक्का घर देने की बात करते हैं, मैंने कल भी जीरो ऑवर में इस मुद्दे को उठाया था, बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट की जगह पर भी बहुत सारी झोपड पट्टियाँ हैं। उन सारे लोगों को मालिकाना हक देकर उनको घर देने का काम हम लोग करेंगे। मैं झोपड पट्टी में से आता हूँ, मैंने अपने जीवन के 55 साल झोपड़ पट्टी में गुजारे हैं, इसलिए एक लाइन बताना चाहूँगा कि हमारे पूरे सिस्टम के लोगों को ऐसा लगता है कि यह सारी सरकारी जमीन लोगों ने कब्जा की है। इसमें थोड़ी मात्रा में ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन जो बीपीटी में काम करने वाले लोग हैं, वहीं बगल में ऑफिसर लोगों ने उनको बसाया है और वे वहाँ पर रह रहे हैं। रेलवे में भी ऐसा ही हुआ है। जितने भी डिपार्टमेंट्स हैं, ये सारे लोग देश की सेवा करने के लिए इन सारी जमीनों पर अपना घर बनाकर रहने का काम करते हैं। देश के प्रधान मंत्री जी का सपना है कि वे वर्ष 2022 तक सबको पक्का घर देंगे। मैं माननीय मंत्री जी से इसके लिए प्रार्थना करता हूँ। मैं बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

(इति)

(2000/RV/RK)

2000 बजे

पोत परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनसुख एल. मांडविया): सर, आज के इस बिल पर डॉ. भारतीबेन, श्री श्रीकृष्णा देवरायालू, श्री अनुभव मोहंती, श्री कौशलेन्द्र कुमार, श्री रविन्द्रनाथ कुमार, श्रीमती दर्शना जरदोश और अन्त में गोपाल शेट्टी जी ने अपने विषय रखे।

माननीय अध्यक्ष जी, अन्त में, गोपाल शेट्टी जी ने जो कहा, इस बिल को लाने का यह भी एक उद्देश्य है कि पोर्ट में ट्रांसपैरेंसी हो, पोर्ट अपनी ओर से डेवलप हो सके, पोर्ट एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर सके। पोर्ट के संचालन में सरकार का भी कम से कम रोल और कम से कम भूमिका हो। पोर्ट के बोर्ड ही स्वयं निर्णय ले सकें। गोपाल शेट्टी जी ने सही कहा कि पोर्ट के असेट्स पर जो पंजा था, उस पंजे की वजह से पोर्ट में ऐसे स्थानीय लोग, जिनका उसमें इंटेरेस्ट हो, उन स्थानीय लोगों को बल मिल जाता था। भविष्य में ऐसे लोगों का उस पर पंजा न पड़े, ऐसा प्रावधान मैं इस बिल में लेकर आया हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, इस बिल में कुल मिलाकर पोर्ट सेक्टर में समय के साथ बदलाव होना आवश्यक है। सभी सेक्टर में बदलाव हो। समय के साथ नई टेक्नोलॉजी का इम्प्लीमेंटेशन किया जाए, नए सिस्टम का इम्प्लीमेंटेशन किया जाए क्योंकि देश में 70 प्रतिशत कार्गो 'बाई-वॉल्यूम' पोर्ट से ही आता है, 95 प्रतिशत 'बाई-वैल्यूज़' कार्गो भी पोर्ट से ही आते हैं। इसलिए पोर्ट विकास का एक द्वार बन सकता है। मोदी जी ने सही कहा था - 'नॉट ओनली फॉर पोर्ट, बट पोर्ट-लेड डेवलपमेंट।' पोर्ट का भी विकास करना है और पोर्ट विकास का द्वार बन सकता है। इसे इतिहास साबित करता है कि जहां-जहां पर भी पोर्ट्स थे, वे शहर आज के समय में भी ज्यादा विकसित दिखाई दे रहे हैं। लेकिन, आज के दिन में जो पोर्ट्स चल रहे थे, वे मेजर पोर्ट्स एक्ट, 1963 के तहत चल रहे थे। पचास साल पहले यह एक्ट बना था। उस समय स्थिति अलग थी। आज की स्थिति बदली हुई है। उस वक्त लैंडलॉर्ड मॉडल नहीं था, पी.पी.पी. मॉडल नहीं था और सारे पोर्ट्स सर्विस मॉडल पर चल रहे थे। पोर्ट में भर्ती पोर्ट के लोग ही करते थे, पोर्ट का संचालन भी पोर्ट के लोग ही करते थे और पोर्ट का मैनेजमेंट भी पोर्ट के लोग ही करते थे। इस प्रकार, सभी चीजें पोर्ट के लोग ही करते थे और उसमें ही उनकी सारी शक्तियों का व्यय होता था। इसलिए डेवलपमेंट की तरफ जो उसकी दिशा जानी चाहिए थी, वह कम हो गई थी। उसे देखते हुए वर्ष 1995 के बाद पी.पी.पी. मॉडल आया। कुल मिलाकर, मेरे पास पोर्ट में 252 बर्थ हैं। उनमें से 70 बर्थ ऐसे हैं, जो कैप्टिव हैं या वे पी.पी.पी. मॉडल पर चल रहे हैं। ऐसे बर्थ में जब प्राइवेट पार्टनर्स आते हैं तो वे टेक्नोलॉजी लेकर आते हैं, बिजनेस लेकर आते हैं। वह वहां सारी व्यवस्था खड़ी करता है और अपना सारा बिजनेस और कारोबार वहां चलाता है। जब प्राइवेट प्लेयर्स आते हैं और उनके साथ कंसेसन एग्रीमेंट्स होते हैं तो कई बार ऐसा भी आता है कि जब कोई बिजनेस पार्टनरशिप में चलता है तो उसमें डिस्प्यूट्स भी खड़े हो जाते हैं। उन डिस्प्यूट्स को रिजॉल्व करने की व्यवस्था पहले वाले बिल में नहीं थी। अगर कोई डिस्प्यूट होता

है तो उसे कैसे सॉल्व करें, इसके लिए हम इस बिल में प्रावधान लाये हैं, जिससे कि भविष्य में हम पोर्ट्स को अच्छी तरह से चला सकें।

सर, हर पोर्ट के पास लैंड है। वहां उसका उपयोग पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए हो सकता है। वहां पोर्ट-लेड इंडस्ट्रियलाइजेशन हो सकता है। उसके लिए पोर्ट का उपयोग करना आवश्यक होता है।

सर, मैं उदाहरण के तौर पर बताता हूं कि आज अफ्रीका से लकड़ी आती है। 70 प्रतिशत लकड़ी कांडला पोर्ट पर आती है। चीन में भी उसी अफ्रीका से लकड़ी जाती है। वहां उस लकड़ी से फर्निचर्स बनते हैं और सारी दुनिया फर्नीचर्स खरीदने के लिए चीन जाती है। क्या हम अपने देश में फर्नीचर्स पार्क नहीं बना सकते? कांडला पोर्ट पर भी उसी रूट से लकड़ी आती है। वहां के लोग ट्रैडीशनली वुड्स इंडस्ट्री के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसे हमारे सभी मेजर पोर्ट्स पर एक-एक इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट करके 'वन पोर्ट वन इंडस्ट्री' के आधार पर उसे कैसे डेवलप कर सकेंगे? जब ऐसा करना है तो उसके लिए उसके पास कुछ स्वायत्तता होनी चाहिए। आज मेजर पोर्ट के साथ-साथ प्राइवेट पोर्ट्स भी आ गए हैं। नॉन-मेजर पोर्ट्स भी हैं और उनके बीच में कम्पीटिशन भी होता है। इसलिए उनके बीच हेल्दी कम्पीटिशन होना चाहिए। कई चीजें ऐसी हैं, जब किसी पोर्ट को डिसीजन लेना होता है, जैसे बगल में कोई दूसरा पोर्ट है, उसने टैरिफ कम कर दिया और सरकारी पोर्ट पर टैरिफ ज्यादा है, तो ऐसी स्थिति में उसे उसके लिए परमिशन लेने के लिए सरकार तक आना पड़ता है। जब उन्हें स्वयं डिसीजन लेकर टैरिफ को कम करना है तो वे टैरिफ कम नहीं कर सकते थे। इस बिल के माध्यम से हम पोर्ट को स्वायत्तता देना चाहते हैं।

(2005/MY/PS)

उस डिसीजन के आधार पर वे भी आगे बढ सकें। इसके लिए हम इस महापत्तन प्राधिकरण विधेयक के माध्यम से काम करने जा रहे है।

महोदय, जब मैं यह बिल लोक सभा में इंट्रोड्यूस कर रहा था, अभी प्रतिपक्ष के लोग यहाँ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने एक चिंता जताई थी। उसके बारे में मैं सदन में स्पष्टीकरण कर देना चाहता हूँ कि आज हमारे पोर्ट्स में करीब एक लाख बारह हजार पेंशनर्स हैं। आज हमारे पोर्ट्स में कुल 28 हजार एम्प्लाईज हैं। उस वक्त एक बात कही गई थी कि इस बिल के आने से उनके हितों का नुकसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। मैं लोक सभा के फ्लोर पर यह क्लियर करना चाहता हूँ कि हमारे पोर्ट्स के बारे में ऐसी स्थिति नहीं है।

एक समय था, जब कोलकाता पोर्ट में 10 हजार पेंशनर्स थे। पाँच साल पहले जब वर्ष 2014 में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी थी, उस वक्त कोलकाता से लोग दिल्ली आते थे। यहाँ पर आकर हमारे सामने वे लोग अपना विषय रखते थे कि हमारा पोर्ट बंद नहीं होना चाहिए, हमारा पोर्ट बंद हो रहा है, हमारा पोर्ट घाटे में हैं। लेकिन, विगत पाँच सालों में पोर्ट सेक्टर में जो काम किया गया है, उससे आज कोलकाता पोर्ट घाटे में नहीं है, बल्कि वह प्रॉफिट में है। कोलकाता पोर्ट के 10 हजार पेंशनर्स की पेंशन को एलआईसी में सुनिश्चित किया गया है। कुल पोर्ट्स को मिलाकर हमारे जो 28 हजार एम्प्लाईज हैं, उनके हितों का कोई नुकसान नहीं होगा। उनके पेंशन के संबंध में कोई भी चिंता

नहीं करनी चाहिए। हमारे एम्प्लाईज की तनख्वाह में कोई कमी नहीं की जाएगी। सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए, पोर्ट्स को स्वायत्ता देकर उनको काम्पीटीटिव बनाया जाएगा। इसके लिए मैं यह बिल लेकर आया हूँ। मैं अपेक्षा करता हूँ कि सदन उसको पारित करे।

(इति)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि भारत में महापत्तनों के विनियमन, प्रचालन और योजना के लिए तथा महापत्तन प्राधिकरणों के बोर्डों में ऐसे पत्तनों के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन को निहित करने तथा उससे संबद्ध या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

माननीय सदस्यगण, इस विधेयक पर अनेक सदस्यों के संशोधन परिचालित किए गए हैं, लेकिन केवल श्री बी. महताब जी सभा में उपस्थित हैं, इसलिए केवल उन्हीं को संशोधन प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा, बाकियों के नाम नहीं बुलाए जाएंगे।

खण्ड 2

प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 3

माननीय अध्यक्ष: श्री भर्तृहरि महताब जी, क्या आप संशोधन संख्या 27 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Hon. Speaker, Sir, I may be allowed to move my Amendment No. 27. Along with the same, I have something to say in a limited time.

This Bill aims at reorienting the governance model in central ports to landlord port model in line with the successful global practice. The Bill was first introduced in the year 2016. The Standing Committee deliberated on it and gave a Report in the year 2017. An amended Bill was introduced in 2019 or first part

of 2019. The House was dissolved and again, in March, 2020, this Bill had been introduced. At the time of introduction, I had also raised certain issues, which have not been considered as yet.

The first Amendment that I want to propose before this Government, in this House, is that the composition of the Board of Major Port Authority -- constituted under Clause 3 of the Bill -- is heavily in favour of private persons. Besides, the States have been given very little representation in the Board.

Therefore, I am proposing that a Member of each House of Parliament should be represented on the Board from all the States which have major ports.

I beg to move:

Page 4, *after* line 20, -

insert "(g) one Member of each House of Parliament from the States that have a major port". (27)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री भर्तृहरि महताब द्वारा प्रस्तुत संशोधन संख्या 27 को सभा में मतदान के लिए रखता हूँ।

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 3 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।

(2010/CP/SNB)

खंड 4

माननीय अध्यक्ष : श्री भर्तृहरि महताब जी**,** क्या आप संशोधन संख्या 28 प्रस्तुत करना चाहते हैं**?**

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): सर**,** विधेयक में है, two members representing the interest of the employees of the major Port Authority, यह लिखा है। हमने कहा जो पोर्ट में वर्क कर रहा है, उसी को मेंबर बनाया जाए। Not members representing the interest. मैं अमेंडमेंट मूव कर रहा हूं:

पृष्ठ 5, पंक्ति 1 और 2,-
"ऐसे व्यक्तियों और ऐसी रीति में, जो विहित की जाए,"
के स्थान पर
"संघ सरकार में पोत परिवहन मंत्री और उस प्रत्येक राज्य जहां महापत्तन है, की सरकार द्वारा नामांकित एक मंत्री।"
प्रतिस्थापित करें। (28)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री भर्तृहरि महताब द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 28 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:
"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।
खंड 5 से 20 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 21

माननीय अध्यक्ष : श्री भर्तृहरि महताब जी, क्या आप संशोधन संख्या 29 और 30 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): सर, संशोधन संख्या 29 और 30 में बस एक करेक्शन हमने डिलीट करने के लिए कहा है, जिसमें without the previous sanction of the Central Government, ये दोनों लाइनें मैंने कहा है कि इनको डिलीट करिए। सीधा ट्रस्ट को इसकी पॉवर दी जाए। मैं अमेंडमेंट मूव कर रहा हूं।

पृष्ठ 9, पंक्ति 25,-
"केंद्रीय सरकार की पूर्वानुमति के बिना।"

का लोप करें (29)

पृष्ठ 9, पंक्ति 32,-
"केंद्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना।"

का लोप करें (30)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री भर्तृहरि महताब द्वारा खंड 21 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 29 और 30 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि खंड 21 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 21 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 22 से 76 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक पारित किया जाए।

SHRI MANSUKH L. MANDAVIYA: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2015/NK/RU)

विदाई संबंधी उल्लेख

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सत्रहवीं लोकसभा का चौथा सत्र आज समाप्त हो रहा है। यह मानसून सत्र कई अर्थों में ऐतिहासिक रहा है। आप सभी माननीय सदस्यों ने कोरोना महामारी के खतरे के बावजूद अपने संवैधानिक कर्त्तव्यों को सर्वोपरि रखा और देर रात तक बैठकर विधायी कार्य किए। आपने पूरे सत्र के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रोटोकॉल्स का पूरी तरह से पालन किया है, इसके लिए मैं आप सभी को साधुवाद देता हूं, धन्यवाद देता हूँ। आपके सक्रिय सहयोग और सकारात्मक भागीदारी के कारण ही इस सत्र में सदन ने कार्य-उत्पादकता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वैश्विक महामारी के दौरान भी इस सत्र में सदन की कार्य उत्पादकता 167 प्रतिशत रही है जो अन्य सत्रों की तुलना में अधिक है। इस उपलब्धि के लिए आप सभी माननीय सदस्य बधाई के पात्र हैं। वर्तमान परिस्थितियों के कारण इस बार सदन के साथ-साथ पूरे संसद भवन परिसर में संक्रमण से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।

देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि माननीय सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों (लोक सभा एवं राज्य सभा) के कक्षों और इनकी दीर्घाओं से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिया, जैसा कि आप सभी को विदित है कि मानसून सत्र 14 सितम्बर, 2020 को आरंभ हुआ। इस सत्र के दौरान, हमने 10 बैठकें की जो बिना किसी अवकाश के शनिवार और रविवार को भी आयोजित की गई। इन बैठकों के लिए निर्धारित कुल 37 घंटों की तुलना में कुल 60 घंटे की कार्यवाही संपन्न हुई। इस सत्र में महत्वपूर्ण विधायी और अन्य कार्यों का भी निपटान हुआ। सत्र के दौरान 68 प्रतिशत समय में विधायी कार्य किए गए, जबकि शेष 32 प्रतिशत में गैर-विधायी कार्य किए गए। वर्ष 2020-21 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों का पहला बैच और वर्ष 2016-17 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों पर चर्चा 4 घंटे 38 मिनट तक चली। तद्नुसार विनियोग विधेयक भी पारित किए गए। वर्तमान सत्र के दौरान, 16 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए। कुल मिलाकर 10 बैठकों में 25 विधेयक पारित हुए। इन सभी विधेयकों पर चर्चा हुई। सदन में पारित हुए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक थे, आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020, कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020, कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020, उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 और सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020.

इस सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न सभा पटल पर रखने की अनुमति दी गई। तदनुसार माननीय सदस्यों द्वारा पूछे गए 2300 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

इस सत्र में माननीय सदस्यों ने शून्य काल में 370 लोक महत्व के मामले उठाए। मैं विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा कि 20 सितम्बर, 2020 को शून्य काल में देर रात तक बैठकर कुल 88 माननीय सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। सत्र में बैलट के अलावा 230 सदस्यों को भी अपने विषय उठाने का अवसर मिला।

माननीय सदस्यों द्वारा नियम 377 के अधीन लोक महत्व के 181 मामले भी उठाए गए। मुझे सदन को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले मामलों पर मंत्रालय द्वारा शीघ्र उत्तर प्राप्त करने के लिए पहल की गई, जिसके परिणामस्वरूप पंद्रहवीं लोक सभा में जहां 77 प्रतिशत उत्तर प्राप्त होते थे, वहीं सत्रहवीं लोक सभा में 98.34 प्रतिशत उत्तर मंत्रालयों से माननीय सदस्यों को प्राप्त हुए हैं। मेरा यह निरंतर प्रयास रहा है कि माननीय सदस्यों को मंत्रालयों से एक माह की निर्धारित अवधि के अंदर उत्तर प्राप्त हो सकें। माननीय मंत्रियों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर 40 वक्तव्य दिए गए। इसमें कोविड-19 महामारी, कृषि क्षेत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा लद्दाख सीमा के पास घटित हो रहे घटनाक्रम पर संबंधित मंत्रियों द्वारा वक्तव्य शामिल हैं। इस सत्र के दौरान, संबंधित मंत्रियों ने कुल 855 पत्र सभा पटल पर रखे। सभा में देश में कोविड-19 वैश्विक महामारी के संबंध में नियम 193 के अंतर्गत एक अल्पकालिक चर्चा भी की गई जो 5 घंटे और 8 मिनट तक चली। चर्चा संबंधित मंत्री के उत्तर के साथ समाप्त हुई। इस सत्र में, विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कराने और विधायी कार्य संपन्न करने के लिए सभा की कार्यवाही निर्धारित समय के अतिरिक्त 23 घंटे से अधिक देर तक चली।

मैं माननीय उपराष्ट्रपति जी का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से सभा का आयोजन सफलतापूर्वक करने में सहायता मिली। मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल मेरे माननीय सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री, विभिन्न दलों के नेताओं और लोक सभा एवं राज्य सभा के सभी माननीय सदस्यों के प्रति भी सहयोग के लिए अत्यधिक कृतज्ञ हूँ।

मैं सदन की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूँ। मैं सभा को प्रदान की गई समर्पित और त्वरित सेवाओं के लिए एन.आई.सी., लोक सभा टीवी, राज्य सभा टीवी, लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव और लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ। सत्र के सुचारू रूप से आयोजन के लिए दोनों सचिवालयों के बीच कई दौर की बैठकें हुईं।

(2020/SK/NKL)

उनके लिए हमने प्रयास किया कि सुरक्षा के अपेक्षित परिणाम आएं।

संसद भवन को संक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करने एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मैं संबंधित मंत्रालयों, विभागों और अन्य एजेंसियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में संबद्ध एजेंसियों को उनके द्वारा दी गई सहायता के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

माननीय सदस्यगण, कृपया अपने स्थान पर खड़े हो जाएं क्योंकि अब "वन्दे मातरम्" की धुन बजाई जाएगी।

(राष्ट्रीय गीत की धुन बजाई गई)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

2021 बजे

तत्पश्चात लोक सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई।